# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर छ0ग0

दूरभाष नं0 07752–225545 फैक्स नं0 07752–225545 E-mail-Id actd.bilaspur@nic.in


## श ैक्षणिक वर्ष 2018–19 तथा 2019–20 में प्रयास आवासीय विद्यालय (बालक / बालिका) बिलासपुर के अतंर्गत "फाउंडेशन प्रयास" में कक्षा 09वीं / 10वीं के लिये अध्यापन एवं कोचिंग कार्य हेतु फेकल्टी की व्यवस्था के लिये संस्था के चयन हेतु सदंर्भ की शर्तें –

पृष्ठभूमि

अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत "प्रयास" आवासीय विद्यालय संचालित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ बोर्ड के तहत कक्षा 11वीं एवं 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय हेतु अध्यापन तथा JEE, NEET, PET एवं विधि (Clat) प्रवेश परीक्षाओं के लिये कोचिंग दी जाती है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन ने कक्षा 09वीं एवं 10वीं के लिये आवासीय कोचिंग सुविधा जो कि **"फाउंडेशन प्रयास"** के रूप में संचालित किये जाने का निर्णय लिया है।

**2. प्रयास कार्यक्रम एवं "फाउंडेशन प्रयास" कार्यकम**

प्रयास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावन एवं मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर अपना भविष्य बना सके। छात्रों के लिए सीटो का आरक्षण निम्नानुसार है:– अनुसूचित जन जाति – 50%, अनुसूचित जाति – 20%, पिछड़ावर्ग – 20 %, एवं सामान्य 10 %।

**"फाउंडेशन प्रयास" कार्यकम** – "फाउंडेशन प्रयास" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 09वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को कम आयु से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराना है।

**3. कार्यक्रम के संचालन की प्रकिया**

अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्र इन विद्यालयों में प्रवेशित किये जाते हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश बहु विकल्पीय प्रश्न आधारित प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाता है। प्रवेश के पश्चात् मूलभूत सुविधायें जैसे भोजन एवं निवास विभाग द्वारा छात्रों को दी जाती है। कोचिंग संस्थाओं का चयन कक्षा नवमी एवं दशवीं की कक्षाओं के लिये तथा शिक्षण हेतु शिक्षक एवं अध्ययन सामग्री, के लिये किया जायेगा। सभी अध्ययन सामाग्री, मूल्यांकन प्रकिया एवं प्रारूप, टेस्ट तथा उससे संबंधित सामग्रियां भी चयनित संस्था द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। कक्षा नवमी में सम्मिलित फांउडेशन प्रयास के टॉप छात्रों में आधे छात्र कक्षा 11वीं के प्रयास कार्यकम में प्रवेश के लिये स्वतः पात्र होंगे।

**4. विद्यालय जिसके लिये रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है –**

| क्र | विद्यालय का नाम | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | **"फाउंडेशन प्रयास"** आवासीय विद्यालय बिलासपुर | बालक 75 बालिका 50 कुल 125 |

प्रत्येक विद्यालय में छात्रों के प्रत्येक बैच को चार कक्षा खंडो में विभक्त किया जायेगा। तथा प्रत्येक कक्षा खण्ड को एक विषय में फोकस किया जायेगा। जैसे – गणित, जीव विज्ञान, मानवशास्त्र (भाषा / विधि) छात्रों को विषय का आबंटन विभाग के द्वारा किसी स्वतंत्र तृतीय पार्टी के द्वारा साइकोमेट्रीक मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा। विषयों के आबंटन का उद्देश्य संबधित विषय में एक घंटे की अतिरिक्त कोचिंग प्रतिदिन देकर मजबूत आधार देना है। उदाहरण के लिये कक्षा 09वीं के जीव विज्ञान विषय के छात्रों को सी0जी0 बोर्ड पाठ्यक्रम के अनुसार सभी विषय पढ़ाये जायेंगे, परन्तु इन्हें जीव विज्ञान में प्रतिदिन अतिरिक्त कोचिंग दी जायेगी जिसके द्वारा वे विज्ञान ओलिम्पियाड में चयनित हो सके तथा नीट के लिये एक मजबूत आधार तैयार कर सकें।

5. सौपें गये कार्य का उद्देश्य –

चयनित संस्था को सौपें गये कार्य का उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगी परिक्षाओं के लिये तैयार कर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना हैं –

i. कक्षा नवमीं (शैक्षणिक सत्र 2018–2019) एवं कक्षा दसवीं (2019–2020) के लिए छात्रो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

ii. विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के लिए, NSTSE (राष्ट्र स्तरीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा) विज्ञान भौतिकी तथा गणित ओलिम्पियाड इत्यादि तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उन्हें सहयोग करना है।

iii. राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग हेतु छात्रों को तैयार करना हैं। जैसे IIT, NIT, IIIT, CFTI, CA, CS, ICWA एवं CLAT, MBA इत्यादि।

iv. संस्थाओं द्वारा मनोवैज्ञानिक एवं कैरियर काउंसलर प्रदान किया जाना।

6. कार्य क्षेत्र

चयनित संस्था के कार्य का क्षेत्र निम्न है –

a. गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, संस्कृत, हिन्दी इंग्लिश तथा छ0ग0 बोर्ड के द्वारा प्रस्तावित किया गया कोई अन्य विषय का शिक्षण/कोचिंग, मनोवैज्ञानिक/कैरियर काउंसलिंग प्रदान करना है।

b. वांछित योग्यताओं वाले शिक्षकों को उपलब्ध कराना।

c. अध्ययन सामग्री, मूल्यांकन सामग्री, टेस्ट पेपर ऑन लाईन तथा ऑफ लाईन मोड में उपलब्ध कराना है।
उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्री निर्धारित मापदंडो के अनुसार होनी चाहिये जिससे कि छात्र बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सके।

d. छात्रों की शैक्षणिक प्रगति का अवलोकन करना तथा कमजोर छात्रों/उनके कमजोर पक्षों पर फोकस करना है।

7. कार्यप्रणाली

शिक्षण एवं कोचिंग की कार्यप्रणाली निम्नानुसार हैं :–

a. न्यूनतम निर्धारित संयुक्त अवधि (घंटों) का शिक्षण प्रतिदिन करना। निर्धारित अवधि 24 घंटे प्रतिदिन हैं। इस अवधि में शिक्षक को 09वीं/10वीं की कक्षा लेनी हैं तथा राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी भी करानी हैं।

b. प्राचार्य के द्वारा स्वीकृत की गई समय – सारणी के अनुसार 90 मिनट अवधि की 03 नियमित कक्षायें प्रतिदिन लगाना है। कक्षा समय – सारणी का निर्धारण चयनित संस्था द्वारा विद्यालय प्रबंधन तथा प्राचार्य के परामर्श से किया जायेगा।

c. प्रति दिवस शिक्षण में 2 घंटे प्रतिदिन की शंका समाधान कक्षा (डाउट क्लास) अनिवार्यतः कराना। यह कक्षा उसी शिक्षक को लेनी है जिसने संबंधित विषय पढ़ाया है।

d. कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिये तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारूप में अर्द्ध मासिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्द्ध वार्षिक तथा वार्षिक टेस्ट लेना है। प्रवेश परीक्षा से एक माह पूर्व सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को सम्मिलित करते हुये एक परीक्षा लेनी है।

e. प्रत्येक बैच की प्रगति निम्न प्रकार से अवलोकित की जायेगी :–

   i. बैचवार आधारित
   ii. छात्रवार आधारित
   iii. विषयवार आधारित
   iv. सी.बी.एस.ई. के पैटर्न पर आधारित शैक्षणिक मापदंडों पर निरंतर और व्यापक मूल्यांकन (CCE)

f. विद्यालय को सौंपे गये शिक्षक पूर्णकालिक रहेंगे तथा किसी अन्य से संबद्ध नहीं होंगें।

g. शिक्षको का प्रतिस्थापन (बदलना) सामान्यतः स्वीकार नहीं है। केवल विशेष परिस्थिति में कलेक्टर की अनुमति से यह किया जा सकता हैं।

h. शिक्षक को तब प्रतिस्थापित किया जा सकता है जब उसके पक्ष में फीडबैक निर्धारित स्तर तक नहीं है। इसे दो सप्ताह के पूर्व सूचना के आधार पर किया जा सकता हैं। किसी भी स्थिति में शिक्षण/लेक्चर में व्यवधान स्वीकार्य नहीं हैं।

i. विद्यालय में सभी शिक्षकों को नियम तथा अनुशासन का पालन किया जाना हैं।

j. कक्षा में शिक्षण की भाषा हिंदी एवं अंग्रेजी का मिश्रण रहेंगी।

k. चयनित संस्था को शिक्षको के रहने की व्यवस्था विद्यालय/छात्रावास परिसर के बाहर स्वंय के व्यय् पर करनी होगी।

l. समय–समय पर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के निर्देशों का पालन करना होगा।

**8. शिक्षको के लिए अनिवार्य वांछित योग्यतायें –**

शिक्षकों की वांछित योग्यतायें निम्नानुसार है :–

| क्र | विषय | विज्ञान, (गणित एवं जीव विज्ञान) के शिक्षकों की संख्या प्रति विद्यालय | संबंधित विषय में अनिवार्यतः शिक्षण अनुभव तथा कालम 5 के अनुसार योग्यतायें | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गणित | 01 | 03 वर्ष | किसी शासकीय संस्था से एम टेक |
| 2 | भौतिकी | 01 | 03 वर्ष | किसी शासकीय संस्था से एम टेक |
| 3 | रसायन शास्त्र | 01 | 03 वर्ष | किसी शासकीय संस्था से एम टेक/एम.एस.सी. |
| 4 | जीव विज्ञान | 01 | 03 वर्ष | संबंधित विषय में एम.एस.सी./एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस. किसी शासकीय संस्था से |
| 5 | हिन्दी | 01 | 03 वर्ष | संबंधित विषय में किसी शासकीय संस्था से एम.ए. |
| 6 | अंग्रेजी | 01 | 03 वर्ष | संबंधित विषय में किसी शासकीय संस्था से एम.ए. |
| 7 | संस्कृत | 01 | 03 वर्ष | संबंधित विषय में किसी शासकीय संस्था से एम.ए. |
| 8 | सामाजिक अध्ययन | 02 | 03 वर्ष | संबंधित विषय में किसी शासकीय संस्था से एम.ए. |
| 9 | मनोवैज्ञानिक/कैरियर काउंसलर/कम्प्युटर | 01 | — | भारत सरकार/UGC द्वारा मान्य किसी विश्व विद्यालय से संबंधित विषय में स्नातक |
| | **योग** | 10 | | |

**9. कक्षा का आकार तथा विषय**

कक्षा का आकार प्रत्येक कक्षा खण्ड में 45 छात्र से अधिक नही होने चाहिये। हालाकि प्रत्येक कक्षा खण्ड में पाठ्यक्रम तथा पढ़ाये गये विषय समान होंगे। परन्तु प्रत्येक कक्षा खण्ड का झुकाव एवं दृष्टिकोण निर्धारित विषय की ओर रहेगा। विषय निम्नानुसार हैं :–

a. गणित
b. जीव विज्ञान
c. वाणिज्य
d. मानवशास्त्र (भाषा तथा विधि)

विद्यार्थियों को विषय/कक्षा खण्ड का आबंटन विभाग के द्वारा साइकोमेट्रिक मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा। यह मूल्यांकन विभाग द्वारा चयनित किसी स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा किया जायेगा। विद्यार्थियों के विषय/कक्षा खण्ड के आबंटन में कोचिंग संस्था की कोई भूमिका नही रहेगी। हालाकि विद्यार्थियों के विषय/कक्षा खण्ड का पुनः आबंटन विभाग द्वारा समय–समय पर उनके साइकोमेट्रिक मूल्यांकन के आधार पर किया जायेगा।

**10. सेवा–काल तथा अनुबंध काल**

सेवा–काल वर्तमान शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने की तिथि से प्रारंभ होगा तथा जिस महिने 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा समाप्त होगी उससे तीन माह बाद समाप्त होगा। वार्षिक परीक्षा के पूर्ण होने के बाद कोचिंग संस्था अपने शिक्षकों को कार्य मुक्त करने हेतु स्वतंत्र रहेगी केवल गणित के 01 शिक्षक, जीव विज्ञान के 01 शिक्षक तथा 01 काउंसलर को छोड़कर। सेवा की अवधि के पश्चात सभी संस्थायें अपने शिक्षकों को कार्य मुक्त कर सकती है।

चयनित संस्था को विभाग के साथ एक अनुबंध करना होगा इस अनुबंध का अंत सेवाकाल से तीन माह पश्चात होगा।

11. महत्वपूर्ण प्रदेय

a. अनिवार्य वांछित योग्यताओं से युक्त शिक्षक

b. बैचवार, कक्षा–खंडवार, छात्र–वार, विषयवार, प्रगति रिपोर्ट जो कि मासिक/त्रैमासिक/अर्द्ध–वार्षिक/ प्री–वार्षिक, प्री. बोर्ड, टेस्ट तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन रिपोर्ट पर आधारित है।

c. कक्षा 09वीं एवं 10वीं के छात्रों की परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा का परिणाम।

d. सभी छात्रों तथा शिक्षकों के उपस्थिति रिकार्ड जिनमें प्रति शिक्षक प्रतिमाह शिक्षण के घंटे तथा प्रतिमाह शिक्षण के कुल संचयी (Cumulative) घंटे सम्मिलित होंगे।

12 भुगतान प्रणाली

चयनित संस्था का भुगतान सात किश्तों में किया जायेगा। निम्न तालिका में प्रदर्शित प्रदेयो के प्रदान तथा लक्ष्य (milestone) की प्राप्ति के आधार पर किश्तें जारी की जाऐंगी।

| किश्त संख्या | अनुबंध राशि का (प्रतिशत) | माइलस्टोन (लक्ष्य) | महत्वपूर्ण प्रदेय /दस्तावेजीकरण |
|---|---|---|---|
| A | B | C | D |
| 1 | 15% | माइलस्टोन 01:<br>घटना : सभी शिक्षको की तैनाती<br>अंतिम समय सीमा : प्रथम शैक्षणिक वर्ष की 31 अक्टुबर की तिथि | 1. बैंक गांरटी जो कि कुल अनुबंध राशि का 15 प्रतिशत है की प्रस्तुति<br>2. सहायक आयुक्त द्वारा प्रमाणित प्रदेय 11 (a) |
| 2 | 10% | माइलस्टोन 02:<br>घटना : कक्षा 09वीं की वार्षिक परीक्षा के परिणामो की घोषणा<br>अंतिम समय सीमा : प्रथम शैक्षणिक वर्ष की 31 मार्च की तिथि | 1. प्रदेय 11 (b)<br>2. प्रदेय 11 (c)<br>3. प्रदेय 11 (d) |
| 3 | 15% | माइलस्टोन 03:<br>घटना : विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 09वीं की परीक्षा का परिणामों की घोषणा<br>अंतिम समय सीमा : प्रथम शैक्षणिक वर्ष की 31 मार्च की तिथि | 1. प्रदेय 11 (c) |
| 4 | 10% | माइलस्टोन 04:<br>घटना : आवधिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा<br>अंतिम समय सीमा : द्वितीय शैक्षणिक वर्ष की 31 जुलाई की तिथि | 1. प्रदेय 11 (b)<br>2. प्रदेय 11 (d) |
| 5 | 15% | माइलस्टोन 06:<br>घटना : विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 09वीं की मध्य सत्रीय परीक्षा के परिणामों की घोषणा<br>अंतिम समय सीमा : द्वितीय शैक्षणिक वर्ष की 31 अक्टुबर की तिथि | 1. प्रदेय 11 (b)<br>2. प्रदेय 11 (d) |
| 6 | 10% | माइलस्टोन 05:<br>घटना : द्वितीय शैक्षणिक सत्र में आयोजित विज्ञान ओलिम्पियाड के परिणामों की घोषणा<br>अंतिम समय सीमा : द्वितीय शैक्षणिक वर्ष की 28 फरवरी की तिथि | 1. प्रदेय 11 (b)<br>2. प्रदेय 11 (c)<br>3. प्रदेय 11 (d) |
| 7 | 25% | माइलस्टोन 07:<br>घटना : कक्षा 10वीं बोर्ड के परिणामों की घोषणा तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति<br>अंतिम समय सीमा : द्वितीय शैक्षणिक वर्ष के परिणामों की घोषणा के 30 दिनों के भीतर | 1. प्रदेय 11 (c)<br>2. प्रदेय 11 (d) |

माइलस्टोन की प्राप्ति तथा प्रदयों के प्रदान का मूल्यांकन प्रयास विद्यालयों से स्वतंत्र एक कमेटी के द्वारा किया जायेगा। सभी भुगतान संस्था के प्राचार्य, कमेटी, सहायक आयुक्त की अनुशंसा के आधार पर जिला कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात किया जाएगा। 7वीं किश्त (अंतिम भुगतान) कलेक्टर की स्वीकृति के बाद जारी की जायेगी।

**13. मुख्य प्रदर्शन सूचक (KPI) (Key performance Indicators)**

संस्था को भुगतान लक्ष्य (माइलस्टोन) की प्राप्ति के अनुसार होंगे। भुगतान में समायोजन KPI आधारित होंगे।

KPI निम्न होंगे :–

**KPI-1**:– शिक्षकों द्वारा शिक्षण के घंटे :–

यह निम्न प्रकार से गणना की जायेगी –

(निर्धारित अवधि में सभी शिक्षको द्वारा शिक्षण के वास्तविक घंटे की संख्या) ÷ (निर्धारित अवधि में शैक्षणिक दिवसों की संख्या X अनुबंध के अनुसार प्रतिदिन शिक्षण के घंटे)

टीप – निर्धारित अवधि का अर्थ है अवधि जिसके लिये भुगतान की गणना की जा रही है।

**KPI-2**:–छात्रों की आवधिक (Periodic Examination) परीक्षाओं के परिणाम

आवधिक परीक्षा का अर्थ, (त्रैमासिक, अर्द्ध–वार्षिक तथा प्री–बोर्ड/प्री–फाइनल परीक्षा) है। आवधिक परीक्षा में प्रश्न पिछले पांच वर्षों की सबंधित प्रवेश परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों के समान या उन्ही प्रश्नों में से होंगे। तथा आवधिक परीक्षाओं का मूल्यांकन विभाग द्वारा जांच के अनुसार किया जायेगा।

इस KPI की गणना निम्न प्रकार से की जाएगी –

संबंधित वर्ग के अनुसार, न्यूनतम कट–आफ अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या ÷ बैच में कुल छात्रों की संख्या

टीप – इस KPI के लिये कट ऑफ अंक 75 प्रतिशत हैं।

**KPI-3**:–कक्षा 09 वीं के छात्रों की वार्षिक परीक्षा या कक्षा 10 वीं के छात्रों की बोर्ड परीक्षा के परिणाम ।

यह KPI निम्न प्रकार से गणना कि जायेगी –

प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के द्वारा संबंधित वर्ग के अनुसार न्यूनतम कट–ऑफ अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की सख्या ÷ बैच में कुल छात्रों की सख्या

टीप – इस KPI के निर्धारित कट ऑफ अंक 80% हैं ।

**KPI - 4** :– विज्ञान, भौतिकी तथा गणित ओलिम्पियाड के छात्रों के परिणाम

इस KPI की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी –

(1000 रैंक के अन्दर आने वाले छात्रों की संख्या) ÷ (छात्रों की बेन्चमार्क संख्या)

टीप – इस KPI के लिये छात्रों की निर्धारित बेन्चमार्क संख्या 40 हैं। यदि किसी छात्र को एक परीक्षा में गिन लिया गया है तो उसे इस KPI की अन्य परीक्षा में नही गिना जायेगा।

KPI - 5 :– शिक्षकों का प्रतिस्थापन –

शिक्षकों के प्रत्येक प्रतिस्थापन पर (कलेक्टर द्वारा प्रस्तावित प्रतिस्थापन को छोड़कर) या प्राचार्य द्वारा निर्देशित कार्य क्षेत्र में किसी चूक होने पर रू. 25000/–. की कटौती की जायेगी।

इस KPI की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी –

(प्रतिस्थापनों की संख्या "या" कार्य क्षेत्र की शर्तों में चूक, KPI-1 से KPI - 4 को छोड़कर) X (25000.00)

टीप – अनुबंध के प्रथम तीन महिनों में शिक्षकों का प्रतिस्थापन स्वीकृत नही किया जायेगा। यदि ऐसा होता है तो 100000.00 रू. प्रतिस्थापन की पेनाल्टी लगेगी।

यदि , KPI-1, KPI-2, KPI-3 और , KPI-4 का मान 01 से अधिक है तो गणना के लिये उसे 01 माना जायेगा। संस्था को भुगतान की राशि का समायोजन KPI की प्राप्ति के अनुसार होगा। , KPI के लिये किश्तों का समायोजन निम्न प्रकार से किया जायेगा –

| किश्त संख्या | माइलस्टोन | KPI जिनका समायोजन किया जाना है | भुगतान |
|---|---|---|---|
| 1. | माइलस्टोन–1 | निरंक | प्रथम किश्त की पूर्ण राशि |
| 2. | माइलस्टोन–2 | KPI-1<br>KPI-2<br>KPI-3<br>KPI-5 | द्वितीय किश्त की राशि X KPI-1, KPI-2, तथा KPI-3 का औसत (–) KPI - 5 |
| 3. | माइलस्टोन–3 | KPI-3 | तृतीय किश्त की राशि X KPI-3 (–) KPI -5 |
| 4. | माइलस्टोन–4 | KPI-1<br>KPI-2<br>KPI-5 | चतुर्थ किस्त की राशि X KPI-1 तथा KPI-2 का औसत (–) KPI-5 |
| 5. | माइलस्टोन–5 | KPI-1<br>KPI-2<br>KPI-5 | पांचवी किश्त की राशि X KPI-1 तथा KPI-2 का औसत (–) KPI-5 |
| 6. | माइलस्टोन–6 | KPI-1<br>KPI-2<br>KPI-4<br>KPI-5 | छठवीं किश्त की राशि X KPI-1, KPI-2 तथा KPI-4 का औसत (–) KPI-5 |
| 7. | माइलस्टोन–7 | KPI-1<br>KPI-3<br>KPI-5 | सातवीं किश्त की राशि X KPI-1 तथा KPI-3 का औसत (–) KPI-5 |

किसी व्यक्तिगत किश्त का योग भुगतान प्रणाली पैराग्राफ की तालिका में निर्धारित राशि से अधिक नहीं होना चाहिए।

14. सुरक्षा निधि

संस्था द्वारा 2.00 लाख की सुरक्षा निधि का बैंक ड्राफ्ट आवेदन के साथ जमा करना होगा। बैंक ड्राफ्ट सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बिलासपुर के पक्ष में देय होगा। जिन संस्थाओं का अंतिम चयन नही होगा, उन्हें बैंक ड्राफ्ट चयन प्रक्रियापूर्ण होने के पश्चात विमुक्त कर दिया जाएगा। चयनित/अनुबंधित संस्था का बैंक ड्राफ्ट बैंक गारंटी प्राप्त होने पर/ अनुबंध अवधि समाप्त होने पर विमुक्ति योग्य होगा।

इसके मानदंडों में यदि परिवर्तन किया जाता है तो उसका उल्लेख उस वर्ष हेतु प्रकाशित रूचि की अभिव्यक्ति में किया जाएगा।

